RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 11 • • अंक 134 • • अगस्त, 2016 • • मूल्य : 15/- •







राखी के पावन पर्व पर
पूर्व मुख्यमंत्री
अशोक गहलोत
अपनी बड़ी बहन से
राखी बंधवाकर
आशीर्वाद लेते हुए।


# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## माली (सैनी) युवा संगठन, बेंगलोर



श्री उत्तम पंवार (संयोजक)



श्री दिनेश चौहान (अध्यक्ष)



श्री रामलाल सोलंकी (उपाध्यक्ष)



श्री रमेश कच्छवाह (मंत्री)



श्री रुपेश सोलंकी (सह मंत्री)



श्री पवन भाटी (कोषाध्यक्ष)



श्री अनील भाटी (सह कोषाध्यक्ष)



श्री भुपेन्द्र बागड़ी (सांस्कृतिक मंत्री)

:: कार्यकारिणी सदस्यगण ::

श्री हरीश बागड़ी, श्री नरेश चौहान, श्री छोटुलाल भाटी,
श्री इन्द्र बागड़ी, श्री सुनील चौहान, श्री भवनेश कच्छवाह, श्री सतीश भाटी,
श्री संजय साँखला, श्री जुगलकिशोर पंवार, श्री राजेन्द्र चौहान,
श्री मोतीलाल गहलोत, श्री मुकेश सोलंकी,
श्री अनील पालरिया, श्री हिमांशु देवड़ा

**आप सभी के माली (सैनी) युवा संगठन बेंगलोर की नई कार्यकारिणी में मनोनित होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।**

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 134 ● 22 अगस्त, 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन,
नगर निगम, जोधपुर)

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान

(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत

(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

### आवरण कथा

माली सैनी संदेश द्वारा प्रथम बार आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने अनुशासन व उत्साह से लिया भाग

**महात्मा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में 6 केन्द्रों पर 942 विद्यार्थियों ने लिया भाग**




- अतिथि सम्पादक की कलम से . . .
- अशोक गहलोत के प्रयासों से प्रदेश में चल रही दो महासभाओं का हुआ एकीकरण
- पुष्कर में समाज के राजनैतिक भविष्य की दिशा को लेकर हुआ मंथन
- ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज की नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी सम्मान समारोह सम्पन्न
- भोपालगढ़ छात्रसंघ चुनावों की जीत के बाद समाज के लोगों पर हुए अत्याचार
- अध्यक्ष गोपाल माली एवं रंजना माली का माली समाज ने किया स्वागत
- भारताराम सुंदेशा बने भीनमाल छात्रावास के 5वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष
- ताउसर सरपंच पद पर आशाराम भाटी 317 मतों से जीते
- विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ चुनावों में समाज के युवाओं को मिला भरपूर समर्थन
- राजनीति का रास्ता सेवा से होकर जाता है, युवा इसके लिए आगे आएं : गहलोत
- देश और समाज का विकास शिक्षा के बिना संभव नही - इंजि भैरूलाल सैनी
- सेवाराम दग्दी व गीता सोलंकी अध्यक्ष मनोनीत
- पशु क्रूरता निवाररण समिति के चुनाव कृपाराम देवड़ा अध्यक्ष निर्वाचित
- ताकतवर आरक्षण चाहते हैं तो इसे सभी में बराबर बांट दो- राजकुमार सैनी ( सांसद )
- फोटो समाचार
- समाज के विकास के लिए युवाओं को बुजुर्गों के अनुभव की आवश्यकता - रमेश चंद्र सैनी
- पांचूलाल सैनी ऑल राजस्थान दुकानदार महासंघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त
- पांचूलाल सैनी बने दूसरी बार ऑल इण्डिया सैनी समाज के जिलाध्यक्ष
- हमारा उद्देश्य सामाजिक बुराईयां खत्म हो आने वाली पीढ़ी सुसंस्कारवान बनें - सैनी
- माली समाज युवा एकता समिति के तत्वावधान में समारोह समारोह व सामूहिक गोठ का आयोजन
- नैनी ने शहीदों की याद में 76वीं बार किया रक्तदान
- पुष्कर पहुंचने पर अशोक गहलोत का हुआ भव्य स्वागत
- भभूताराम सोलंकी बने जालोर माली समाज अध्यक्ष
- विविध समाचार

# अतिथि सम्पादक की कलम से . . .

मनुष्य का अस्तित्व समाज से है और समाज का मनुष्य से। महान् दार्शनिक अरस्तु ने कहा है ''जो प्राणी समाज में निवास नही करता, वह या तो देवता है या पशु।'' हम सभी समाज में निवास करते हुए परिवार की मूलभूत आवश्यकताऐं पूरी करते हैं, जिनमें रोटी, कपडा व मकान के साथ-साथ शिक्षा व चिकित्सा भी सम्मिलित है। शिक्षा व चिकित्सा की सार्वजनिक व्यवस्थास्थानिक प्रशासन करता है। प्रशासन को संचालित व नियंत्रित करने के लिए कार्यपालिका की शक्ति राजनीति के द्वारा निर्धारित की जाती है।

इस प्रकार शिक्षा, समाज और राजनीति एक दूसरे के अनुपूरक होकर कार्य करते है। वर्तमान समय में राजनीति जातिवाद की पराकाष्ठा पर है। हर जाति राजनीति में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती है। सवर्ण जातियों ने निम्न जातियों सहित अन्य पिछड़ा वर्ग को भी गुमराह कर राजनैतिक वर्चस्व सिद्ध किया है। सवर्ण जाति के लोग एससी, एसटी व ओबीसी के निष्कपट व भोले-भोले लोगों को षडयंत्र के तहत आरक्षण व धर्म-धर्म के नाम पर उकसाकर दूसरे जाति व धर्म के लोगो के खिलाफ दिलों में नफरत पैदा कर देते हैं। इस व्यक्तित्व क्रीडा के द्वारा अन्य समाजो को कूटनीतिक तरीके से विकास अवरूद्ध किया जाता है। ऐसे घृणित मानसिकता वाले नेता या अधिकारी उपनाम को दृष्टिगत रखते हुए ही कार्य सम्पादित करते है। अगर सवर्ण हुआ तो कार्य अल्पकाल में ही पूरा हो जाता हैं और अगर असवर्ण हुआ तो उसमें यो रिश्वत की इच्छा रखेगा या उसका विलम्बित कर देगा। ऐसे में प्रताड़ित बन्धु समय व धन की बर्बादी के बावजूद भी कार्य उचित समय पर पूरा नही होने के बाद किसी समाजबन्धु या परिचित को ढुढंने क चिन्तन करता है। आप सभी समाजबन्धु पाठकों को हकीकत बताना चाहूँगा कि विगत वर्षो में हमने उस तरह के संगठित प्रयास किये ही नहीं, जो हमें सरकारी कार्यालयों की अवांछित प्रताड़ना से बचा सके। माली समाज की प्रारंभिक अवस्था से ही शिक्षा व राजनीतिअशक्त रही है। इसके मुख्य कारण रहे है: अलगायुक्त नकारात्मक मानसिकता, अहंकार, पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान व व आधुनिकतम संचारसाधनों का आभाव।

अगर पिछले दशको की बात की जाए तो माली, समाज पर शिक्षा का सकारात्मक प्रभाव नही रहा। अखिल राजस्थान में आज भी समाज का एकीकरण नही हो पा रहा है। समाज विकास के प्रारम्भिक चरण में जो शिक्षित बंधू या राजनेता थे, वो अपने अहंकार या प्रतिष्ठा की वजह से समाज में अपने आप को सच्चासेवक या हमदर्द के रूप में स्थापित नही कर पाए, इस कारण से समाज में अलगाव व स्वार्थवृति को बढ़ावा मिला। सामाजिक समरसता नही होने से हमारे समाज की प्रतिभाएं इच्छित मंजिल तक नही पहुँच सकी। यह कम उतरोतर बढ़ता गया, फलस्वरूप अविकसित अवस्था में होने की वजह से माली समाज का शैक्षिक व राजनैतिक स्तर अशक्त व अक्षमरहा गया। सवर्ण जातियों ने मौके की नजाकत का भरपूर फायदा उठाकर शिक्षा व प्रशासन में मलाईदार पदों पर कब्जा कर लिया। दीर्घावधि तक शक्ति का उपाभोग करने से सवर्ण जाति की मानसिकता भौतिक सुखों तक ही सीमित हो गई। असवर्ण जातियों से सेवक का कार्य करवाकर उनको खुश कर देते थें, माली समाज सहित अन्य असवर्ण जातियों को मानसिक गुलाम होने का आदी बना दिया। कुछ हद तक वही कम आज भी चल रहा है, लेकिनवर्तमान युवा पीढ़ी उस गलती को सुधारकर आगे बढ़ते को लालायित हैं वर्तमान में भी सवर्ण जातियाँ शिक्षा व प्रशासन पर अपना विशेषाधिकार मानते है। इन दोनो ही क्षेत्रों में हमारे समाज की तौहीन भी करते है, किन्तु मानसिक गुलाम होने के कारण यह बात हमें चुभती नही हैं। आज भी हमारे ही कुछ समाजबंधु अपने आप को संगठन व पार्टी की परिधि में बांधकर माली-समाज व समाज-एकीकरण को धता बताते हुए विरोध में खड़े हो जाते है। ऐसी बात नहीं है। कि समाज सुधारक समाज से विरक्त हो गए है। वर्तमान में भी महात्मा ज्योतिबा फूले सदृश महापुरूषो की कमी नहीं है, जो छात्रार्थ नि:शुल्क कोचिंग, प्रतिभा सम्मान, कैरियर गाइडेंस, विधवा व वृद्ध महिलाओं की पेंशन इत्यादि कार्य करते हुए सामाजिक समरसता बनाने की की कोशिश कर रहे है। पूर्वाग्रहयुक्त नकारात्मक सामाजिककता के चलते उनके कार्यो को उचित पहचान नहीं मिल पाती है।

हम सभी को गिले शिकबे व समस्त प्रकार के पूर्वाग्रहो को त्यागकर माली समाज की शिक्षा व राजनीतिको सशक्त व प्रेरक बनाना होगा। विकास की चमकीली आभा से विरक्त माली समाज के किसान व मजदूर वर्ग के जीवन को वास्तविकता से जोड़ना होगा। समाज को उनके बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी। ऐसे ही पुनीत कार्यो के द्वारा सामाजिकता सृजित करनी होगी। इस तरह सामाजिक समरसता एकता के रहते हुए ही माली समाज अपना अस्तित्व बचा सकता है, नही तो सवर्णो के मुंह का निवाला बन जायेंगे। वर्तमान में हमारे समाज के अधिकारियों, राजनेताओं व उत्कृष्ट समाजसेवियों को राजनैतिक विद्वेषता का शिकार बनाया रहा है। हम लोग लाचार व मूकदर्शक होकर इस कुकृत्य को सहन कर रहे है, क्योंकि हमारा समाज राजनैतिक रूप से अक्षम है। समय के आव्हान् को स्वीकारते हुए हमें संकल्प लेना ही होगा। कि हमारे समाज के अधिकारियों व राजनेताओं के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में 20 विधायक भेजकर ''मालिराज''को प्रोत्साहन देंगे। हम सभी बंधू स्वस्थ व सकारातमक मानसिकता के साथ नि:स्वार्थ भाव से समाजसेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर ''मालिकर्म'' कर ''मालिकर्म'' से आगे बढ़ते हुए सभी समाजबंधुओं को शांतचित्र व एकसूत्र में बद्ध होकर ''माली-अखण्डता'' की ज्योति जलानी होगी। इसके लिए मैं सभी बंधुओं का आहवान करता हूँ

**कठिन है राह-गुजर थोड़ी देर साथ चलो,**
**बहुत बड़ा है सफर थोड़ी दूर साथ चलों।**
**तमाम उम्र कहाँ कोई साथ देता है,**
**ये जानता हूँ मगर थोड़ी दूर साथ चलो।**
**नशे में चूर मैं भी तुम्हे भी होश नही।**
**बड़ा मजा हो अगर थोड़ी दूर साथ चलों।**
**ये एक शब की मुलाकात भी गनीमत है,**
**किसे है कल की खबर थोड़ी दूर साथ चलों।**

## शिक्षा समाज और राजनीति




**: अतिथि संपादक :**

**मक्खन लाल सैनी**

**शिक्षा निदेशालय**
**नई दिल्ली**

### माली सैनी संदेश द्वारा प्रथम बार आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने अनुशासन व उत्साह से लिया भाग

# महात्मा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में 6 केन्द्रों पर 942 विद्यार्थियों ने लिया भाग

### परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी जाएगी स्कॉलरशिप व कराए जाएगे विभिन्न कोर्स



जोधपुर। माली समाज की महात्मा ज्योति बा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में स्टूडेंट्स ने बड़े उत्साह से भाग लिया। माली सैनी संदेश पत्रिका के संपादक परीक्षा संयोजक मनीष गहलेत ने बताया की प्रथम बारआयोजित हस परीक्षा में जोधपुर के साथ ही पीपाड़, भोपालगढ़, तिंवरी, बौरूंदा व बालेसर में भी परीक्षा सेंटर बनाए गए।

जोधपुर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री राजेन्द्र परिहार ने पर्यवेक्षक जगदीश देवड़ा, सुनील कुमार, अशोक देवड़ा, अश्वनी सांखला, दीपक देवडा क साथ सत्यम स्कूल के डॉयरेक्टर सुनील गहहलोत, खेतेश्वर शिक्षण संस्थान के सचिव श्री संतोक सिंह सांखला ने केन्द्र में चल रही परीक्षा का अवलोकन किया तथा स्टूडेंट्स का हौंसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र परिहार ने इस परीक्षा के बारे में बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही स्कॉलरशिप के अलावा वर्ष भर विभिन्न नि:शुल्क कोर्सेज के माध्यम से तकनीकी शिक्षा एं अन्य महत्वपूर्ण कोर्सेज से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जिसका भविष्य में उनको फायदा होगा।

संयोजक मनीष गहलोत ने बताया कि परीक्षा में पूर्ण पारदर्शिता रखी गई। इसके लिए सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश दिया गया था। 100 सवालों के प्रश्न प्रत्र में प्रतियोगी परीक्षा के पेर्टन की तर्ज पर प्रत्येक सही प्रश्न के 2 नबंर तथा गलत प्रश्न के उत्तर पर नेगेटिव मार्किंग रखी गई थी जिससे स्टूडेंट्स अभी से प्रतियोगी पीरक्षा की तैयारी कर सके। परीक्षा में सफल स्टूडेंट्स को पत्रिका द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

पीपाड़ संयोजक संपत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में पीपाड़ के साथ ही आस पास के स्टूडेंट्स ने भी परीक्षा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। न्यू सैनिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्रागंण में आयोजित परीक्षा में पूरे अनुशासन से स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। सह संयोजक मेहराम गहलोत ने बताया कि इस परीक्षा के सफल संचालन में भवानी सिंह कच्छवाहा, घनश्याम टाक, चेतनप्रकाश एवं मनीष ने विशेष सहयोग प्रदान किया। तिंवरी संयोजक अचलसिंह गहलोत ने बताया कि परीक्षा में सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, गणित, अग्रेजी के साथ ही समाज से जुड़े प्रश्न दिए गए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का मकसद समाज में शैक्षिक समरसता एवं शिक्षा की उच्च गुणवता को बढ़ावा देने के साथ ही दूर दराज गांव ढ़ाणी में बैठी प्रतिभाओं को स्कॉलरशिप के माध्यम से सहायता देकर उन्हें उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करना है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु राजकीयविद्यालय के अध्यापक योगश कुमार, अध्यापिका माया जोशी, माली सैनी महासभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर गहलोत बालरवां के सांवर परिहार, बासनी के विरेन्द्र टाक, दिनेश परिहार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी।





भोपालगढ़ के संयोजक हेमसिंह सैनी ने बताया कि सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। सह संयोजक श्रवण कुमार भाटी ने बताया कि विद्यालय के अध्यक्ष रामदीन देवड़ा, कोषाध्यक्ष गोरधन राम सोलंकी, वरिष्ठ अध्यापक सुखदेव सोलंकी, जय सिंह भाटी, जितेन्द्र सिंह देवड़ा व विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने सहयोग प्रदान किया।

बौरूंदा के श्री हरी आदर्श शिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित परीक्षा में संयोजक अशोक कुमार गहलोत ने बताया कि प्रथम बार आयोजित इस परीक्षा में समाज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण माहौल में परीक्षा दी तथा सभी विद्यार्थियों ने इस आयोजन हेतु आयोजकों का आभार प्रकट किया। विद्यालय परिवार के सदस्यों का इस सफल आयोजन में योगदान रहा। इस परीक्षा के सफल संचालन में गुमान सिंह गहलोत, कैशव सिंह गहलोत, श्रीमती सीमा सांखला ने विशेष सहयोग प्रदान किया।







1. स्कॉलरशिप टेस्ट में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की जायेगी।
2. प्रत्येक चयनित छात्र/छात्राओं को रूपयें 1200/- की छात्रवृति प्रदान की जायेगी।
3. प्रत्येक वर्ष 3 जनवरी को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की जयंति पर समाज की छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सर्वश्रेष्ठ 21 छात्राओं को रू 1200/- की छात्रवृति प्रत्येक वर्ष दिनांक 10 मार्च को प्रदान की जायेगी
4. प्रत्येक वर्ष 11 अप्रेल को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति पर विभिन्न विषयों पर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सर्वश्रेष्ठ 21 विद्यार्थियों को रू. 1200/- की छात्रवृति प्रत्येक वर्ष 3 मई को प्रदान की जायेगी।
5. स्कॉलरशिप टेस्ट में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निम्न में से वर्ष भर में कोई भी चार (4) कोर्सेज नि:शुल्क कर सकते है।

1. अंग्रेजी बोलना 2. कम्प्यूटर बेसिक कोर्स 3. कम्प्यूटर हार्डवेयर/मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स 4. वेब-साईट डव्लपमेंट कोर्स 5. Personalty Devlopment Course 6. इवेण्ट मैनेजमेंट
7. प्रोफेशनल फोटोग्राफी 8. टेली एकाउण्टिग कोर्स 9. ग्राफिक डिजाइन
10. ऑन लाईन मार्केटिंग 11. रिटेल मैनेजमेण्ट 12. योगा
13 सिलाई/कशीदा (छात्राओं हेतु) 14. सेल्फ डिफेंस (छात्राओं हेतु)
15. आर्ट पेटिंग (छात्राओं हेतु) 16. ब्युटी पार्लर (छात्राओं हेतु)
17. कुकिंग (छात्राओं हेतु) 18. Front Desk Managment
19. जैविक उत्पादों की जानकारी एवं व्यवसाय
20. व्यवसायिक सलाहकार सेवाऐं

## कथित समाजसेवी के अविवेक पूर्ण निर्णय एवं समाज में फैल रहे वैमन्सय से मिली मुक्ति

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रयासों से प्रदेश में चल रही दो महासभाओं का हुआ एकीकरण, समाज में हर्ष की लहर





जयपुर। विद्याधर नगर स्थित महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष मांगीलाल पंवार की अध्यक्षता में माली समाज की दो महासभाओं को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार विलय करवाया गया। दोनों महासभाओं के अध्यक्ष ऊँकारराम कच्छवाहा एवं गुलाब गहलोत की मौजूदगी में यह विलय हुआ।

ज्ञात रहे कि पूर्व में समाज के हजारों बंधुओं एवं प्रबुद्धवर्गो ने सर्व सम्मति से पुष्कर में आयोजित समारोह में ऊँकारराम कच्छवाहा की सेवाओं के देखते हुए महसभा के नियमानुसार उनको अध्यक्ष बनाया था । वर्ष 2007 से लेकर अभी तक महासभा में किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं हो रहा था तथा वर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ परिहार का गत वर्ष निधन हो गया था इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष अचलसिंह भाटी भी गत वर्ष दिसंबर में स्वर्गवास हो गया था। इसके बाद महासभा के उपाध्यक्ष पद पर ऊँकारराम कच्छवाहा ही वरिष्ठ थे इस कारण सभी की सहमति एवं पूर्ण बहुमत से यह जिम्मेदारी ऊँकारराम कच्छवाहा को प्रदान की गई थी।

लेकिन कुछ तथाकथित समाज सेवी नेताओं ने अपनी महत्वकांक्षा के चलते इसी महासभा के समक्ष दूसरी महासभा खड़ी कर समाज के सभी वर्गो के बीच खाई पेदा करनी की कोशिश की। समाज के अनेकों समारोह में दोनों महासभाओं के अध्यक्षों की उपस्थिति से समाज में चर्चा होने लगी की ऐसा क्या है कि हमारे समाज में हमेशा सच्चे मन से नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने वाले समाज सेवी ऊँकारराम कच्छवाहा के विरूद्ध इस प्रकार की योजना बना समाज को दो धड़ों में बांटा जा रहा है तथा सभी के बीच में वैमनस्य फैलाया जा रहा है। समाज के सिरमौर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी यह बात अखरने लगी तथा उन्होंने अपने स्तर पर इसकी जांच करते हुए समाज के सभी वरिष्ठ समाजसेवियों को बुला इस प्रकरण को यथा शीघ्र पटाक्षेप करने का आदेश दिया। क्योंकि सभी जगह एवं अन्य समाजों में भी हमारे प्रति गलत धारणा बन रही है कि यह समाज तो आपस में ही लड़ रहा है जिससे इनका भविष्य में सामाजिक एवं राजनितिक नुकसान होगा। लेकिन अशोक गहलोत के प्रयासों से कथित समाजसेवी के अविवेक पूर्ण और स्वार्थपूर्ण राजनिति के कारण समाज को हो रहे नुकसान से बचा लिया गया।

इस मध्यस्ता में मुख्य भूमिका ताराचंद गहलोत, मांगीलाल पंवार, सेवाराम दग्दी, छुट्टनलाल सैनी के साथ वरिष्ठ समाज सेवियों ने करीब 2 घंटे तक चर्चा कर यह तय किया कि राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा रजि. के चेयरमैन ऊँकारराम कच्छवाहा रहेंगे एवं प्रदेश में जहां भी सभाऐं होगी उनकी अध्यक्षता ऊँकारराम कच्छवाहा द्वारा की जायेगी। इसके साथ ही गुलाब गहलोत महासभा के अध्यक्ष रहेगे। इस अवसर पर कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया, ऊँकारराम कच्छवाहा ने अपनी सह्रदयता दिखाते हुए पूर्व में दोनों महासभाओं में नियुक्त किये गये पदाधिकारियों को उसी पद पर रखने की बात कही सभी ने इसकी सहमति प्रदान की। रूपचंद मारोठिया महासभा के कोषाध्यक्ष एवं पवन सिंगोदिया सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किये गये। जयपुर में प्रदेश का प्रधान कार्यालय महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान में ही रहेगा एवं कार्य संचालन अखिल भारतीय पुष्कर सेवा सदन, पुष्कर से होगा। इस अवसर पर सभी ने एक ड्राफ्ट तैयार किया तथा उसके अनुसार कार्य करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सभी ने समाज हित में किए गए निर्णय को स्वीकार कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की एवं ऊँकारराम कच्छवाहा एवं गुलाब गहलोत को हार्दिक बधाई प्रेषित की। सभी ने दोनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस सभा के पश्चात सभी ने एकता का नारा देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निवास पर जाकर पूरी कार्यवाही की जानकारी प्रदान की। अशोक गहलोत ने सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समाज हित में सभी वर्गो को साथ लेकर महासभा समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं कुरीतियों को दूर कर महात्मा फूले एवं सावित्री बाई फूले के सिद्वातों कों अपनाते हुए समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करेगी।

इस प्रकार समाज के कथित समाजसेवी द्वारा समाज को तोड़ने के प्रयासों का पटाक्षेप हुआ तथा समाज के प्रबुद्धवर्गो ने समाजहित में निर्णय लेते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार से समाज के अहित करने वाले स्वार्थी नेताओं पर जोरदार प्रहार करते हुए प्रभावशाली तरीके से उनकों बेनकाब कर समाज में पनप रहे असंतोष का दूर किया।

इस प्रयास में समाज के मांगीलाल पंवार, ऊँकारराम कच्छवाहा, गुलाब गहलोत, ताराचंद गहलोत, सेवाराम दग्दी, राजेन्द्र कुमार महावर, छुट्टन लाल सैनी, रूपचंद मारोठिया, चंदालाल सैनी, हनुमान सैनी, जुगल किशोर सैनी, बिरदीचंद सिंगोदिया, बंशीधर सैनी, मनोज अजमेरा, धन्नाराम गहलोत, शंकरलाल सैनी, राजेन्द्र सैनी हजारीलाल सैनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

# पुष्कर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में समाज के राजनैतिक भविष्य की दिशा को लेकर हुआ मंथन




अजमेर (पुष्कर) समस्त माली सैनी समाज राजस्थान की दो दिवसीय सामाजिक एवं राजनैतिक चिंतन पर कार्यशाला 30-31 जुलाई 2016 को विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा की नगरी पुष्कर में श्री नरेंदेश्वर महादेव मंदिर, अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन में आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश के विभिन्न 26 विधानसभा क्षेत्र/जिलो से लगभग 270 समाज बंधुओ ने भाग लिया। कार्यशाला 30 जुलाई को प्रात: 10:30 बजे सामूहिक रूप से महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यापर्ण के साथ शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य समाज में सामाजिक एक जुटता पैदा करना, समाज के संख्या के अनुपात में राजनैतिक भागीदारी, सभी क्षेत्रो में माली (सैनी) समाज को यथायोग्य मार्ग दर्शन व सहायत प्रदान करना, चुनावों मे समाज के उम्मीदवारों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर तन मन धन से पूर्ण समर्थन व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समाज में भागीदारी पर विस्तृत में चर्चा करना था। कार्यशाला में दोनों दिन तीन-सत्रों में शाम बजे 7बजे तक राजस्थान विधानसभा क्षेत्रों से पधारें समाज बंधुओ द्वारा सामाजिक एवं राजनैतिक विचार मंथन किया।

कार्यशाला के प्रारम्भ में अजमेर से प्रो. सर्वेश्वर पालरिया ने सभी समाज बंधुओ का स्वागत करते हुये कार्यशाला के उद्देश्यो को विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए बताया कि ''इस कार्यशाला में समस्त समाज बंधु समाज की एक जाजम पर समान रूप से बैठकर एवं संगठित होकर सामाजिक एवं राजनैतिक चिंतन पर चर्चा करें। इस कार्यशाला में फूल-मालाओं, साफों, मंच परम्परा को समाप्त कर समाज को एक जाजाम पर लाने का प्रयास किया है। सबसे बड़ी बात स्वयं की भागीदारी समाज में महसूस कराने के लिए यह कार्यशाला समाज दान-दाताओं के सहयोग से ना कराकर स्वयं द्वारा कार्यशाला में रजिस्ट्रशन राशि के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन अजमेर प्रो. सर्वेश पालरिया व सुरेश सैनी (जयपुर) ने किया।

इन दो दिवसीय विचार मंथन में डॉ. सर्वेश पालरिया ने कहा कि 2018 के चुनाव में इन्टरनेट/फेसबुक/ वाटसअप या मोबाइल एप्पस के माध्यम से लड़ा जायेगा। जिसमे लिए हमे अभी से तैयारी करनी चाहिए। कार्यशाला को राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी निजी सहायक प्रभाती लाल सैनी, अजमेर नगर निगम के महापौर धर्मेन्द्र गहलोत, राजस्थाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अशोक सैनी प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार राम कच्छावा व गुलाब गहलोत सहित ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचन्द गहलोत, ऑल इंडिया सैन समाज पश्चिमी राजस्थान के अध्यक्ष सेवा राम दग्दी, ऑल इंडिया (सैनी ) सेवा समाज पूर्वी राजस्थान के अध्यक्ष राम सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव बंशी लाल मली, बीजेपी के कद्दावार नेता पूर्व विधायक मदन लाल सैनी, किसान नेता भगवान राम सैनी सहित समाज के अनेक पूर्व विधायक, सभापति, प्रधान, सरपंच सहित अनेक जन प्रतिनिधियों ने कार्यशाला को संबोधित कर अपनी-अपनी जीत के अनुभव बांटे। इसके अलावा भी श्री मुरलीधर सैनी (सरदार शहर) जगदीश सैनी (पार्षद) शाहपुरा जयपुर, अशोक सैनी (भादरा) राजेन्द्र टांक (नागौर) नरेन्द्र सैनी (चुरू), कालू राम सुमन (बारा) जयंत परिहार, (चुरू), छोटू लाल सांखला (किशनगढ़) सत्यनारायण (हिण्डोली), जगदीश चंद (लांडनू) माणक भाटी









(जैतारण), रघुनाथ सिंह सोलंकी (बीकानेर) एडवोकेट विश्वास तंवर (अजमेर) नरेन्द्र गहलोत (ब्यावर) मनीष गहलोत, धमेन्द्र सांखला, ताराचंद गहलोत, विमलेश गहलोत, पंकज सांखला (जोधपुर) विजयसिंह गहलोत (अजमेर), जुगल किशोर गहलोत (ब्यावर) हेमराज सैनी (जयपुर) महिला शक्ति में श्रीमती गीता सोलंकी (मकराना), श्रीमती पूती सैनी (सवाईमाधोपुर) ने संबोधित कर अपने अनुभव व सुझाव दिये।

मदन लाल सैनी (पूर्व मंत्री) ने कहा कि ''राजनैतिक दल में रह कर भी समाज हित के कार्य करके टिकट मांगा जा सकता है। पार्टी के विरूद्ध समाज का व्यक्ति न खड़ा होनें देवे। अपने राजनैतिक नेताओं की चाय व पान की दुकान पर नकारात्मक चर्चा न करें, सकारात्मक चर्चा करनी चाहिए। छात्रावास के लिए जमीन मांगे, सरकारी योजनाओं का समाज के लोगो को लाभ दिलाये, चाणक्य नीति अपनायें''।

मेयर धर्मेन्द्र गहलोत ने कहा कि ''हजार बुझे दीपक घर में पड़े है उनका महत्व नही जलते हुए दीपक महत्व होता है। बुझे हुए मन से कभी आगे नही बढ़े उत्साह के साथ सच्चे मन से कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से आगे बढेंगे''।

सभी वक्ताओं ने समाज के प्रति समर्पित भाव से कार्यकर समाज बंधुओं को विशेष सहयोग देने का भी संकल्प लिया। इस कार्यशाल में आने वाले विधान सभा चुनाव 2018 को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। 2018 के विधान सभा चुनावा में माली (माली) समाज के करीब 20 विधायक बनाने का भी संकल्प दोहराया और सभी ने एक मत होकर समाज बंधु को प्राथमिकता से वोट देने का आव्हान किया यानी ''Mali first '' का नारा दिया। इस कार्यशाला में युवा वर्ग में नया जोश और उमंग का संचार हुआ तथ इसी प्रकार की कार्यशालासा को अलग-अलग स्थानों पर जल्दी-जल्दी होनी चाहिए, का सुझाव दिया गया।

कार्यशाला के अंत में सैनी कोचिंग सेन्टर अजमेर के सचिव बी.सी. पंवार ने दो दिवसीय की रिपोर्ट व अनुशासाओं पर प्रकाश डाला और आगुन्तक को पधारने पर धन्यवाद दिया। दो दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाने में अजमेर के कार्यकर्ताओं ने डॉ. सर्वेश पालडिया, बी.सी. पंवार, गजेन्द्र मोर्य, मोती सिंह सैनी, दिलीपा चौहान, मुकेश अजमेरा, विश्वास तंवर, लक्ष्मी नारायण सिंगादिया, कन्हैया लाल चौहान, प्रदीप कच्छावा, बसन्त कच्छावा, हेमराज सिसोदिया और पुष्कर से ओंकार राम कच्छावा, ताराचन्द गहलोत, निकेश गहलोत का योगदान प्रमुख है।

कार्यशाला में आयोजकों द्वारा रजिस्ट्रेशन द्वारा प्राप्त शेष राशि को चेक द्वारा अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन धर्मशाला पुष्कर के अध्यक्ष श्री कच्छावा को वहा के लिए फोटो स्टेट मशीन, फैक्स मशीन, एक कम्प्यूटर की सुविधा हेतु सहयोग राशि प्रदान की गई।

जिस प्रकार भगवान ब्रह्मा जी यज्ञ करके पुष्कर को पवित्र एवं धार्मिक नगरी का निर्माण किया। उसी प्रकार उसी प्रकार माली समाज के लोगो ने दो दिवसीय कार्यशाला के इस यज्ञ में समाज के राजनैतिक व सामाजिक उत्थान के लिए अपने विचारों की जो जो आहूति दी हैं। निश्चित ही उससे समाज को आगे बढ़ने की दिशा निर्देश व ऊर्जा मिलेगी। कार्यशाला में विचार मंथन से निश्चित रूप से अमृत कलश रूप युवा वर्ग से विधान सभा चुनाव 2018 में समाज के ''कोहिनूर'' निकल कर सामने आयेंगे।

# ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज पश्चिम राजस्थान की नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित





पुष्कर। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज राजस्थान (पश्चिम) द्वारा नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी सम्मान (रजि0) प्रदेश कार्यकारणी की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के कार्य उद्देश्य ओर समाज के उत्थान के बारे में परिचर्चा की गई।

संस्थान के प्रवक्ता नितेश गहलोत ने बताया कि अखिल भारतीय माली सेवा सदन पुष्कर में प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम दग्दी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन पर अध्यक्ष सेवाराम दग्दी ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में आने वाले सभी जिलों सहित ब्लॉक व ग्राम पंचायत में माली समाज के कार्यकर्ताओं को जोड़कर माली समाज की कार्यशाला का आयोजन पूरे प्रदेश में महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूल एवं संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज के जीवन के प्रंसगों से सीख लेकर शिक्षा व सामाजिक जागरूकता पर जोर दिया जायेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने माली सैनी समाज को शिक्षित होकर समाज सेवा में आगे बढ़ने का आव्हान् किया। पूर्व अध्यक्ष श्रीपाल सैनी ने समाज कार्य में एकजुटत होकर रागद्वेष रहित समाज सेवा कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। राष्ट्रीय महामंत्री सुमन सैनी ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाण में संगठन की उपलब्धियां बताई व राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राजस्थान की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर पूर्व के कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए सेवाराम दग्दी को पुन: अध्यक्ष व गीता सोलंकी को पुन: महिला अध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने माला व साफा पहनाकर इन दोनों का स्वागत किया।

संस्थान के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने युवाओं को बुजुर्गो के आशीर्वाद से समाज में व्याप्त कुरुतियों व रूढ़िवादी परम्पराओं के खिलाफ एकजुट होकर सेवा कार्यो में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का आव्हान् किया।पूर्व मंत्री व संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज मंदिर ट्रस्ट, अमरापुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने सभा में उपस्थित सभी समाज बंधुओं को 5 दिसम्बर, 2016 को नागौर पहुंचने का आव्हान् किया व संस्था के कार्य व आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय माली सैनी सेवा संस्थान व प्रदेश माली सैनी महासभा के अध्यक्ष ऊँकारराम कच्छवाहा ने संस्थागत प्रगति व सदन प्रांगण में नव निर्माण कार्य सहित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

ऑल इण्डिया सैनी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका सैनी ने महिला जागृति व माता सावित्री बाई फूले के द्वारा किए गये उल्लेखनीय कार्य व उनके जीवन पर प्रकाश डालकर महिलाओं को समाज हित में अपनी अहम भागीदारी निभाने का आव्हान् किया। संस्थान के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राजस्थान आगमन पर अभिनंदन व राजस्थान में संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालकर संगठन में युवाओं की सहभागिता पर जोर दिया।प्रदेश महिला अध्यक्षा गीता सोलंकी ने राजस्थान की महिला इकाई को मजबूत कर समाज हित में कार्य करने व ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज की रीति नीतियों व सामाजिक उत्थान पर जोर दिया।

इस अवसर पर मंच संचालन डॉ बिरेन्द्र भाटी मंगल व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार मंगल, राष्ट्रीय महासचिव बंशीलाल सैनी, राष्ट्रीय सचिव जगदीश सैनी, विजय सिंह भाटी, डॉ सर्वेश पालरिया, मोनिका सैनी( सरदार शहर), सी. पी. सैनी, दिलीप गढ़वाल, राजेश माली, पुखराज दग्दी, पूनमचंद तुंदवाल, बाबूलाल दग्दी, रामसिंह सैनी, रूपचंद मरोठिया, धनाराम गहलोत, धर्मेन्द्र टाक, जितेन्द्र मरोठिया, हेमराज सिंगोदिया, नोरतन मली सोलंकी, दुलजी सिंगोदिया, ओमप्रकाश सोलंकी, भंवरलाल दग्दी, रामेश्वरी देवी इंदौरा, मोनिका सैनी, जोधपुर भाजपा उपाध्यक्षा मीना सांखला, धर्मेन्द्र सांखला, पंकज सांखला, ताराचंद गहलोत सहित सैकड़ों समाज सेवी उपस्थित रहे।

### समाज के तथाकथित समाजसेवी साधी चुपी, समाज के लोगों में भारी रोष

# भोपालगढ़ छात्रसंघ चुनावों की जीत के बाद समाज के लोगों पर हुए अत्याचारों को लेकर समाज में भारी रोष, उच्च स्तरीय जांच की मांग

भोपालगढ़। पिछले दिनों हुए परसराम मदेरणा महाविद्यालय छात्रसंघ चुनावों में जाति विशेष के 30 से 40 लोगों ने इंदिरा गांधी सर्किल स्थित दुकानों में जमकर तोड़फोड़ तथा लूटपाट की। जिसको लेकर व्यापार संघ तथा लिखमीदास युवा वाहिनी द्वारा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

व्यापार संघ के भेराराम भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त को कुछ आसामाजिक तत्वों ने बस स्टैण्ड पर रामभरोसे चश्माघर, एमपी टावर, कृष्णा मोबाइल सहित 4 से 5 दुकानों में तोड़फोड़ की जिनके खिलाफ अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही प्रशासन की ओर से नहीं की गई है जिसकों लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन राजनीतिक दबाव में आकार आरोपियों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रहा है अगर आरोपियों का शीघ्र नही पकड़ा गया ता उग्र आंदोलन किया जायेगा। माली समाज के अध्यक्ष रामदीप देवड़ा, लिखमीदास युवा वाहिनी जिला सचिव महेन्द्र देवड़ा, बक्साराम भाटी, परसाराम देवड़ा, नेमाराम सोलंकी, अर्जुनराम भाटी, जितेन्द्र सोलंकी, मनसुख भाटी सहित अनेकों दुकानदार मौजूद थे।

झगड़े की शुरूआत 24 अगस्त को छात्रसंघ चुनावों में रिजल्ट की घोषणा के बाद हुई विजयी उम्मीदवार जाति विशेष के समर्थकों ने माली समाज के मौहल्लों से बिना अनुमति पहले तो जलूस निकाला फिर वहां से जलूस निकालते समय क्षेत्र की महिलाओं पर अभ्रद टिप्पणियां की जिसका विरोध करने पर जाति विशेष के समर्थकों ने लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया फिर दोनों तरफ से मारापीटी शुरू हो गई । झगड़ा बढ़ते देख वहां पुलिस आई तथा मालियों के घर घर में जा कर समाज के बेकसूर लोगों को मारपीट कर थानें ले जा कर उन पर अनेकों धाराओं में गैर जमानती एवं धारा 307 में केस दर्ज कर दिया। इस मारपीट एवं पत्थरबाजी में पुलिक के अधिकारी को भी चोटें आई। यहीं नहीं इसके बाद भी जनप्रतिनिधियों न जब समझाईश की तो जाति विशेष के युवाओं ने उन पर भी पत्थर बाजी करनी शुरू कर मारपीट की तथा अनेकों लोगों को चोट पहुंचाई।

समाज के वरिष्ठ लोग जब समझाईस के लिए बीच बचाव कर माहौल शांत करने की कोशिश कर रहे थे उनके विरूद्ध ही प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कर लिया तथा उन्हें प्रताड़ित करने लग गये। समाज के अनेकों गणमान्य लोगों एवं युवाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार प्रशासन द्वारा एक तरफा अन्यायपूर्ण कार्यवाही कि गई जिसका माली समाज में भंयकर रोष व्याप्त है।

इस घटना के विरोध में समाज के विभिन्न संगठनों ने सरकार को ज्ञापन दे उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रदेश माली महासभा के अध्यक्ष ऊँकारराम कच्छवाहा, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ सहित अनेकों जन प्रतिनिधियों ने पुलिस महानिरीक्षक हवा सिंह घुमरिया व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हरेन्द्र कुमार महावर से मिलकर इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर झूठे मुकदमें वापस लेने की मांग की।

संत लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाहा के नेतृत्व में बावड़ी तथा मथानियां, तिवंरी, पीपाड़ एवं अन्य जिलों में विरोध स्वरूप उव्च्च पदाधिकारियों को ज्ञापन दे दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने एवं निर्दोष लोगों को शीघ्र दोष मुक्त करने की पूरजोर मांग की गई।

जोधपुर देहात कांग्रेस के सचिव शिवकरण सैनी ने प्रेस वार्ता कर घटना की उच्च स्तर पर जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं होनेपर आंदोलन किया जायेगा।

# अध्यक्ष गोपाल माली एवं रंजना माली का माली समाज ने किया स्वागत



सिरोही । गोपाल माली अध्यक्ष राजकीय पीजी महाविद्यालय सिरोही एवं रंजला माली अध्यक्ष महिला महाविद्यालय सिरोही के चुनावों मे जीतने पर माली समाज के युवाओं एवं बुजर्गो ने उनके घर जाकर किया स्वागत। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति ताराराम माली ने इन युवा साथियों के उज्वल भविष्य की कामना की तो माली वेलफेयर सोयायटी के अध्यक्ष रघुनाथ माली ने छात्र राजनीति में समाज के नवयुवकों को सामाजिक एकता का परिचय देने पर बधाई देते हुए कहा कि समाज का सर्वांगिण विकास तभी संभव है जब युवा राजनीति के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश माली समाज सचिव प्रकाश बी माली, जिलाध्यक्ष जगदीश माली, आशापूरी टेकरी अध्यक्ष छोगाराम माली ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर रूपाराम माली, घनश्याम माली, छगनलाल माली, दोलाराम माली, शंकरलाल माली, मगनलाल, छगनलाल, एस.माली, नवनीत माली, गोविन्द के. माली, चुन्नीलाल, पंकज माली, राजेन्द्र माली, जयंतिलाल माली, लक्ष्मण माली, अर्जुन माली सहित माली समाज के गणमान्य नागरिक मौजुद थे।

# भारताराम सुदेशा बने भीनमाल छात्रावास के 5वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष



भीनमाल। माली समाज ज्योति बा फूले (छात्रावास) शिक्षण संस्थान, भीनमाल के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हेतु समाज के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूर्व सेशन जज भल्लाराम परमार को सभी के सहमति से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया इसके साथ ही जेठाराम गहलोत व जेरूपाराम सुंदेशा, कपूर गहलोत आदि द्वारा सरस्वती माता को दीप प्रज्जवलित कर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। समाज के सभी प्रबुद्ध वर्गो से चर्चा करने के पश्चात सर्वसम्मति से भारताराम सुंदेशा को अध्यक्ष पद पर सहर्ष पांचवी बार निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसके लिए युवा अध्यक्ष मांगीलल गहलोत सांवलाराम परमार सहित उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग ने भारताराम परमार के अध्यक्ष पद हेतु प्रस्ताव किया। इस पर वहां पधारे सभी पंचो एवं सदस्यों ने पूर्ण रूप से इस नाम पर सहमति जताई। इसके साथ ही हजारीमल परमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सभा में उपस्थित सभी समाज बंधुओं की सहमति से भलाराम परमार को संस्था का संरक्षक नियुक्त किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में नगाराम परमार, श्रवण परमार ने बखुबी अपना कार्य किया। सी एल गहलोत ने उद्घोषक की भूमिका अदा की तथा ओमप्रकाश सुंदेशा द्वारा उपस्थित सभी बंधुओं के हस्ताक्षर करवा औपचारिकता को पूर्ण किया गया।

सभा में उपस्थित सभी वृद्वजनों ने आशीर्वाद प्रदान कर नव नियुक्त पदाधिकारियों को समाजहित में कार्य करने की बात कही।

अध्यक्ष भारताराम सुंदेशा ने पदाधिकारियों की घोषण कर दी। संस्थान के सचिव सुरेश कुमार सोलंकी ने बताया कि माली समाज की समस्त गोत्रों और वर्गो को साथ लेते हुए परामर्शदाता के रूप में गुमानमल परमार, जयरूपाराम सुंदेशा, चेनाराम परिहार, केसराराम परमार, फुलाराम सुंदेशा, भंवरलाल माली (शिवशक्ति), श्री बाबूलाल चौधरी की नियुक्ति की है। उपाध्यक्ष पद पर दीपराम सांखला, चतराराम सुंदेशा, सांवलाराम परिहार, बाबूलाल परिहार, मोडाराम सांखला, उपसचिव मुकेश सुंदेशा, उपकोषाध्यक्ष बाबूलाल एम सुंदेशा एवं विधि सलाहकार हेतु एडवोकेट श्रवण कुमार परमार, प्रवक्ता प्रभारी के रूप में चेलाराम गहलोत, संगठन मंत्री रामराम परमार, सह संगठन मंत्री मांगीलाल सोलंकी, प्रचार मंत्री प्रभुराम सांखला, मानाराम सुंदेशा, मोहनलाल आर सुंदेशा एवं मिश्रीलाल परमार। खेल मंत्री चुन्नीलाल गहलोत एवं सदस्यों के रूप में मोटाराम वी परिहार, आसुराम गहलोत, किस्तुरमल सोलंकी, मसरामराम सांखला, पुखराज परमार, बाबूलाल सी सुंदशा, राजाराम सुंदेशा, सांवलाराम सांखला, गुलाबचंद परमार को नियुक्त किया है। संस्थान की आगामल बैठक में संस्थान की ओर से संचालित माली समाज छात्रावास में अन्य गतिविधियों के लिए विचार विमर्श कर विस्तार किया जायेगा।



# ताउसर सरपंच पद पर आशाराम भाटी 317 मतों से जीते

नागौर। निकटवर्ती ग्राम पंचायत ताउसर में शुक्रवार को सरपंच पद के लिए हुए उप चुनाव में उनेश भाटी 318 मतों से विजयी घोषित किए गए। उन्होनें अपने निकअतम प्रतिद्वन्द्वी सतीश सांखला को पराजित किया। शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चली मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। इस दौरान 86.75 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम पंचायत के 6242 मतदाताओं ने सरपंच के पद के लिए वोट चले। जिनमें से आशाराम को सर्वाधिक 3138 वोट मिले। जबकि सतीश को 2821 मत प्राप्त हुए। उसी प्रकार अमरचंद को 148 व जेठमल को 52 वोट मिले। वही नोटा में 83 वोट गए। शाम को मतदान प्रक्रिया के बाद ईवीएम से मतगणना प्रारंम्भ हुई। रात 8बजे उपखण्ड अधिकारी पिलोनिया ने आशाराम के 317 मतो से विजयी घोषित किया। इसके बाद विजयी प्रत्याशी आशाराम को प्रमाण पत्र देकर पद की शपथ दिलवाई गई। देपहर में हुई हल्की बारिश के कारण मतदन प्रक्रियाा कुछ देर के लिए धीमी पड़ी। बरसात रूक जाने के बाद लोग जोश खरोश के साथ वोट देने पहुंचे। उम्रदराज लोगों में भी अपने मताधिकार के प्रति उत्साह देखने का मिला। कई महिलाएं व बुजुर्ग अपने रिश्तेदारों के साथ वोट देने पहंचे।

ताउसर में शुक्रवार चुनाव के चलते गहमागहमी का वातावरण बना रहा। मतदान केन्द्र के बाहर लोगों की भीड़ सुबह से ही जुटना शुरू हो गई। शाम तक चली मतदान प्रक्रिया के दौरान लोगों का हुजूम लगा रहा। शाम को लोगों में परिणाम जानने के लिए भी उत्सुकता बनी रही।

सरपंच पद पर आशाराम के विजयी घोषित होने के बाद समर्थकों ने विजयी जूलूस निकाला। माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, त्रिलोकचंद देवड़ा, पवन देवड़ा व आर्ददान राम भाटी के नेतृत्व में भारी संख्या में लोगों ने आशाराम को कंधे पर बैठा लिया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व पटाखें छोड़कर खुशियां मनाई। ताउसर में देर रात तक आशाराम के समर्थक मिठाई बांटकर खुशी का हजहार करते रहे। नव निर्वाचित सरपंच आशाराम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ताउसर में अब विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। ग्राम पंचायत क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओंका लाभ ताउसर की जनता तक पहुंचाने के भरसक प्रयास किए जायेगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं का सहयोग देने पर आभार जताया। साथ ही हैदाराबाद से वोट देने पहुंचे मतदाताओं के प्रति गहरा आभार जताते हुए उन्हें उनकी आकांशाओं पर खरा उतरने का विश्वास दिलाया।

## अनेकों कॉलेजों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महासचिव पदों पर विजयी हो छात्र राजनिति में दिखाया दम

# विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ चुनावों में समाज के युवाओं को मिला भरपूर समर्थन

जयपुर। हाल ही में संपन्न हुए छात्रसंघ चुनावों में समाज के युवाओं ने सफलता के झण्डे गाड़ें। अनेको विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के महत्वपूर्ण पदों पर विजयी श्री प्राप्त कर छात्र राजनिति में दिखाया दम। समाज के विद्यार्थियों ने प्राय: सभी जिलों में अपनी योग्यता के बल पर अनेकों पदों पर विजयी श्री प्राप्त की कही पर तो निर्विरोध निर्वाचन से समाज के विद्यार्थियों ने पदभार संभाला।

जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के महासचिव पद पर विजयी रही अनीता देवड़ा ने तो करीब 200 वोटों से जीत हासिल की उनकी जीत इस वर्ष के चुनावों में सभी अपेक्स पदों पर खड़े प्रत्याशियों से ज्यादा वोट प्राप्त कर की। इसी प्रकार सिरोही में पहली बार गोपाल माली ने रिकार्ड जीत दर्ज की साथ ही अनेकों ऐसे विश्वविद्यालय है जहां समाज की युवा शक्ति ने पूरे पैनल में विजय श्री प्राप्त कर छात्र राजनीति में अपना परचम लहराया है।

माली सैनी संदेश परिवार सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई देते हुए पूर्ण विश्वास व्यक्त करता है कि हमारे समाज के युवा नेता छात्रहित के कार्यो के लिए कार्य करते हुए सभी विद्यार्थियों का भरपूर समर्थन प्राप्त करेगे साथ ही अपनी शिक्षा भी पूरी कर आगे की राजनीति में अपन भाग्य अजमायेगे।


आरती देवड़ा (महासचिव) जोधपुर


रिंकु सुंदेशा (अध्यक्ष) जालोर (गर्ल्स)


गोपाल माली (अध्यक्ष) सिरोही


मयंक सैनी (अध्यक्ष) सीकर


श्रीराम गहलोत (अध्यक्ष) जैतारण


कृष्णा कच्छवाहा (अध्यक्ष) नागौर


हरीश मरोठिया (अध्यक्ष) अजमेर


शालू सैनी (महासचिव) कोटपुतली

## विभिन्न विश्वविद्यालयों/कॉलेजों से विजयी प्रत्याशियों की सूची

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पी जी कॉलेज, सिरोही | अध्यक्ष | गोपाल माली | पोद्दार कॉलेज, नवलगढ़ | उपाध्यक्ष | अंजू सैनी |
| सिरोही गर्ल्स कॉलेज | अध्यक्ष | रंजना कुमारी माली | संस्कृत कॉलेज, श्रीमाधोपुर | उपाध्यक्ष | विजेन्द्र सैनी |
| राजकीय कॉलेज, शिवगंज | अध्यक्ष | नेहा देवड़ा | राजकीय कॉलेज, मालपुरा में | उपाध्यक्ष | विकास कुमार सैनी |
| कोटा मेडिकल कॉलेज | अध्यक्ष | विकास सैनी | राजकीय महाविद्यालय, उनियारा | उपाध्यक्ष | गौत्तम सैनी |
| कॉमर्स कॉलेज, सीकर | अध्यक्ष | मयंक सैनी | जे एन वी यू, जोधपुर | महासचिव | अनिता देवड़ा |
| राजकीय महाविद्यालय, पोकरण | अध्यक्ष | मुकेश माली | सोजत कॉलेज | महासचिव | धीरज गहलोत |
| सोजत कॉलेज | अध्यक्ष | मनीष टाक | राजकीय कॉलेज, नवलगढ़ | महासचिव | योगेश कुमार सैनी |
| राजकीय कॉलेज नवलगढ़ | अध्यक्ष | रविन्द्र सैनी | कोटपुतली महाविद्यालय | महासचिव | शालू सैनी |
| जी सी ए कॉलेज, अजमेर | अध्यक्ष | हनीष मरोठिया | पोद्दार कॉलेज, नवलगढ़ | संयुक्त सचिव | नितिन कुमार सैनी |
| गर्ल्स कॉलेज, जालौर | अध्यक्ष | रिंकु सुंदेशा | जेएनवीयू, जोधपुर लॉ फेकल्टी | सचिव | दिनेश टाक |
| जैतारण कॉलेज में | अध्यक्ष | श्रीराम गहलोत | जेएनवीयू, जोधपुर कॉमर्स फेकल्टी | सचिव | बबलू माली |
| महिला कॉलेज नागौर | अध्यक्ष | कृष्णा कच्छवाहा | संस्कृत कॉलेज, श्रीमाधोपुर | महासचिव | सुरेन्द्र सैनी |
| एम टी कॉलेज, झुंझनू | अध्यक्ष | पूजा सैनी | पीजी कॉलेज, टोंक में | संयुक्त सचिव | बीना सैनी |
| सेठ रावतमल बोथरा कॉलेज, बीकानेर | अध्यक्ष | नीतू गहलोत | जैतारण कॉलेज में | संयुक्त सचिव | ललिता कच्छवाहा |
| संस्कृत कॉलेज, श्रीमाधोपुर | अध्यक्ष | तेजराज सैनी | राजकीय महाविद्यालय, निवाई | महासचिव | हंसराज सैनी |
| राजकीय विधि कॉलेज | अध्यक्ष | महेन्द्र कुमार सैनी | लोहिया कॉलेज, चुरू | संयुक्त सचिव | निहारिका सैनी |
| श्री कृष्ण स्नाकोत्तर महाविद्यालय | अध्यक्ष | गेंदालाल सैनी | पी जी कॉलेज, नीम का थाना | संयुक्त सचिव | राजेन्द्र सैनी |
| नीम का थाना | उपाध्यक्ष | मनीषा सैनी | राजकीय कमला मोदी महिला कॉलेज, | | |
| राजकीय कॉलेज, तिजारा | उपाध्यक्ष | निखिल सैनी | ऑइकॉन कॉलेज, झुंझनु | संयुक्त सचिव | हिमांशु सांखला |
| हेमलता मेमोरियल कॉलेज, | | | राजकीय कॉलेज, नवलगढ़ | महासचिव | योगेश सैनी |
| नारायणपुर (अलवर) | उपाध्यक्ष | रचना सैनी | गुढ़ा गौड़जी | महासचिव | कालुराम सैनी |
| राजस्थान विश्वविद्यालय विधि संकाय | उपाध्यक्ष | श्री सुनील सैनी | | | |
| राजकीय पी जी कॉलेज, भीनमाल | उपाध्यक्ष | मदन कुमार माली | | | |

# राजनीति का रास्ता सेवा से होकर जाता है, युवा इसके लिए आगे आएं : गहलोत

## भारत सेवा संस्थान और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति का शिविर आयोजित



जोधपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजनीति का रास्ता सेवा से होकर जाता है युवाओ को अगर राजनीति में आना है तो वे गरीब, बीमार, दिव्यांग और और जरूरत मंदो की सेवा करे, उनकी आशीष जीवन में न केवल आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करेंगीं, बल्कि इससे एक नया इतिहास बनेगा। वे रविवार को रामबाग में भारत सेवा संस्थान और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वाधधान में आयोजित तीन दिवसीय शिविर के समापन समारोह को संधोधित कर रहे थे।

